ओडीओपी उद्योगों को सहयोग करेगा सिडबी

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल एक जिला-एक उत्पाद और सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यम से जुड़े कारोबारियों को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) वित्तीय व तकनीकी सहयोग करेगा। सिडबी इसके लिए 100 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड रखेगा। इसी महीने सरकार द्वारा इसके लिए सिडबी से करार किया जाना है।

सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यम विभाग ने करार की तैयारी कर ली है। लखनऊ स्थित सिडबी के कार्यालय में एमएसएमई व ओडीओपी का भी एक कक्ष होगा। यहां पर इनसे जुड़े उद्यमियों की वित्तीय व तकनीकी दिक्कतें दूर की जाएंगी। सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल के मुताबिक ओडीओपी की इकाइयां बढ़ें और उद्यमियों को तकनीकी जानकारी मिल सके इसके लिए सिडबी से यह करार किया जा रहा है। यह करार पांच साल के लिए होगा। ओडीओपी के डीपीआर का मूल्यांकन भी सिडबी करेगा। सिडबी के माध्यम से ओडीओपी उद्यम की वित्तीय दिक्कतें भी दूर कराई जाएंगी।

उद्योगों के स्टाल लगेंगे डिफेंस एक्सपो में

बुधवार को प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने ओडीओपी कार्यक्रम की समीक्षा की। जिसमें 5 से 8 फरवरी तक आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो में 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र में ओडीओपी सेल द्वारा डिफेंस से संबंधित लघु व मध्यम उद्योगों के स्टाल लगाने का फैसला लिया गया। यह भी तय किया गया कि एक से 16 फरवरी तक सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में ओडीओपी के स्टाल लगाए जाएंगे। एक से 15 फरवरी तक दिल्ली हाट में 118 ओडीओपी स्टाल लगेंगे।